**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी शिमला**

**19.03.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र और प्रत्याशियों के चयन को लेकर दिल्ली में हुआ मंथन–मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे मौजूद।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश की दो लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम जल्द घोषित करेगा पार्टी हाईकमान।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा–लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य व जिला स्तर पर गठित समितियां पेड व फेक न्यूज पर रखेंगी नजर।

और

- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– महिलाओं को 15 सौ रूपए देने की योजना का विरोध विपक्ष की बौखलाहट का प्रमाण।

अब समाचार विस्तार से..........

### कार्यसमिति

कांग्रेस कार्य समिति ने आज नई दिल्ली में लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी के घोषणा पत्र और प्रत्याशियों के चयन के संबंध में एक बैठक की। बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से घोषणा पत्र में शामिल सभी मुद्दों को जन–जन तक पहुंचाने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देश बदलाव चाहता है ऐसे में पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरना है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी बैठक में भाग लिया। इस दौरान प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए सम्भावित प्रत्याशियों के नाम को लेकर भी चर्चा की गई।

### जयराम

प्रदेश भाजपा ने कांग्रेस सरकार द्वारा महिलाओं को हर महीने दिए जाने वाले 15 सौ रुपए की गारंटी को पूरा करने के लिए भरवाए जा रहे फॉर्म को आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। भाजपा ने आज इस संबंध में शिमला में मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग को ज्ञापन देकर शिकायत दर्ज

करवाई है। विपक्ष ने राम मंदिर के होर्डिंग हटाने के भी सरकार पर आरोप लगाए हैं। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आज शिमला में एक पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जहां महिलाओं को ठगने का काम किया, वही अब दोबारा लोकसभा चुनाव से पहले भी यही किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ साल के कार्यकाल में कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को 15 सौ रुपए नहीं दिए और न ही बजट में इसका कोई प्रावधान किया गया है। जयराम ठाकुर ने कहा कि 15 सौ रूपए देने के लिए महिलाओं से भरवाए जा रहे फॉर्म पर पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और मुख्यमंत्री के फोटो लगे हैं जो आचार संहिता का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अपनी लोकप्रियता व विश्वासमत खो चुकी है ऐसे में अब आनन–फानन में बेतुके फैसले ले रही है। मण्डी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इसका फैसला पार्टी हाईकमान द्वारा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की 2 लोकसभा सीटों और विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम भाजपा हाईकमान द्वारा जल्द ही घोषित किए जाएंगे। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि भाजपा प्रदेश की सभी चारों लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव की 6 सीटों पर भी जीत दर्ज करेगी।

**मनीष गर्ग**

इस बीच मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने बताया कि महिलाओं को 15 सौ रुपए देने के फॉर्म और होर्डिंग्स को लेकर भाजपा की तरफ से शिकायत आई है। उन्होंने कहा कि इसकी जांच की जाएगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि आचार संहिता लगने के 24 घंटों में 38 हजार पोस्टर्स व बैनर्स को हटाया गया है।

**जगत सिंह नेगी**

इस बीच राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने अब तक के कार्यकाल में अभूतपूर्व कार्य किया है और 10 में से पांच गारंटियों को पूरा कर दिया गया है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा नेता सरकार की जनहितकारी योजनाओं को पचा नहीं पा रहे हैं और हताशा में सरकार के खिलाफ बेबुनियाद बयानबाजी कर रहे हैं। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के तहत महिलाओं को 15 सौ रूपए प्रदान करने के संबंध में सभी औपचारिकताएं चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले पूरी की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि योजना के लिए बजट प्रावधान भी किया जा चुका है और इसे लागू करने की अधिसूचना सरकार लागू कर चुकी है। जगत सिंह नेगी ने कहा कि इस योजना का विरोध करना विपक्ष की बौखलाहट को दर्शाता है।

**शिवरात्रि महोत्सव**

मंडी में आयोजित अंतराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान पड्डल मैदान में पहुंचे व्यापारी व ग्राहक मायूस हैं। दुकानदारों के मुताबिक मेले में पिछले साल की अपेक्षा इस बार स्टॉल अधिक मंहगें मिले हैं और बिक्री भी कम हुई है जिससे दुकानों का किराया पूरा करना भी मुश्किल हो रहा है।

उधर मेले में खरीदारी करने आए लोगों ने बताया कि पिछले साल की अपेक्षा मेला इस बार अधिक महंगा है। इन लोगों के मुताबिक हर साल मेले में दुकान से अधिक सस्ती चीजें मिलती थीं लेकिन इस बार शिवरात्रि मेला उन्हें ज्यादा महंगा लग रहा है।

गौरलतब है कि मंडी में आयोजित होने वाले शिवरात्रि मेले के दौरान 6 हैंगर की बोली इस साल 3 करोड़ 25 लाख लगी है जबकि पिछले साल एक करोड़ 57 लाख बोली लगाई गई थी। इसके अलावा रेहड़ी फड़ी की नीलामी 51 लाख में हुई है जो पिछले साल की अपेक्षा 11 लाख अधिक है।

**डीसी कुल्लू**

कुल्लू की उपायुक्त तोरूल एस. रविश ने कहा है कि जिले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार हाथ से मैला ढोने वाले स्वच्छकारों का एक व्यापक सर्वेक्षण किया जा रहा है। कुल्लू में आज मैनुअल स्केवेंजर अधिनियम के तहत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार अस्वच्छ शौचालय का इस्तेमाल और हाथ से मैला ढोने की प्रथा प्रतिबंधित है। उपायुक्त ने सभी ग्रामीण व शहरी निकायों को नए सर्वेक्षण के आंकड़ों की रिपोर्ट समयबद्ध भेजने के निर्देश दिए। ये सर्वेक्षण 15 मार्च से 14 अप्रैल तक चलाया जा रहा है।

**सड़क मार्ग**

लाहौल स्पीति जिले में पिछले दिनों हुई बर्फबारी के बाद अब मौसम खुलने से जनजीवन पटरी पर लौटने लगा है। सीमा सड़क संगठन ने घाटी के भीतर बर्फ हटा कर मुख्य सड़कों को बहाल कर दिया है ऐसे में लोग अब बस सेवा शुरू करने की मांग कर रहे हैं। बर्फबारी के कारण 18 फरवरी से लाहौल के भीतर और मनाली–केलंग के बीच बस सेवा बंद है जिससे घाटी के लोग टैक्सी सेवा नही मिलने और महंगी दरों पर सफ़र करने को विवश है। लोगों ने घाटी की अंदरूनी सड़को व मनाली केलंग बस सेवा को जल्द आरम्भ करने की प्रशासन से मांग की है ताकि लोगो को सुविधा मिल सके।

**आवेदन**

प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टैस्ट 2024 के लिए ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय के एक प्रवक्ता के अनुसार पात्र विद्यार्थी विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षा के लिए 18 अप्रैल तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। ये परीक्षा 10 मई को आयोजित की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिए चम्बा, धर्मशाला, पालमपुर, नुरपुर, मण्डी, कुल्लू, बिलासपुर, हमीरपुर, ऊना, सिरमौर, सोलन और शिमला में परीक्षा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा चण्डीगढ़ में भी एक परीक्षा केन्द्र स्थापित किया जाएगा।

**डीसी किन्नौर**

किन्नौर के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार शर्मा ने आज रिकांगपिओ में लोकसभा चुनाव के संदर्भ में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एक बैठक की। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित चुनाव के

दौरान खर्च के निर्धारित रेट से अवगत करवाया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में सभी राजनीतिक दलों को समानता के अवसर उपलब्ध करवाना है ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से सम्पन्न हो सके।

## अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर

- लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र और प्रत्याशियों के चयन को लेकर दिल्ली में हुआ मंथन–मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे मौजूद।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–प्रदेश की दो लोकसभा सीटों सहित विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशियों के नाम जल्द घोषित करेगा पार्टी हाईकमान।
- मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने कहा–लोकसभा चुनाव को लेकर राज्य व जिला स्तर पर गठित समितियां पेड व फेक न्यूज पर रखेंगी नजर।

और

- राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा– महिलाओं को 15 सौ रूपए देने की योजना का विरोध विपक्ष की बौखलाहट का प्रमाण।

**इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ। नमस्कार।**